नई दिल्ली | रविवार, 15 जनवरी 2023 अमर उजाला

# कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

बल्लभगढ़ (संवाद)। अग्रवाल महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत एनएसएस के तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत ने विद्यार्थियों को बताया कि निजी वाहन की उपलब्धता ने यात्रा को आसान बनाने के साथ-साथ सड़कों पर भीड़ भी बढ़ा दी है। जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने आदि के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने युवाओं को यातायात के नियमों को खुद पालन करने और जनमानस को भी जागरूक करने का आग्रह किया।